an>

Title: Need to provide financial assistance for protection of lions in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : माननीय अध्यक्ष जी, वन विभाग गुजरात द्वारा एशियाई सिंहों का लाँग टर्म कन्जर्वेशन ऑफ एशियाटिक लॉयन, पर्यावरण और वन मंत्रालय एंड क्लाइमेट चेंज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली को पत्र द्वारा एक दरख्वास्त की गई है, जिसमें एशियाई सिंहों के संरक्षण, सवर्धन, उनके रहने की जगह को सुधारने, इको-डेवलपमेंट, तालिम, संदेशा-व्यवहार सुदृढ़ करना, आधुनिक उपकरणों की सुविधा, पानी और खुराक की सुविधा का समावेश किया गया है। इस प्रोजेक्ट की समय सीमा तीन साल की है। यह प्रोजेक्ट 90-10 की हिस्सेदारी के आधार पर चलाया जाता है। इस प्रोजेक्ट की कुल राशि 150 करोड़ की है, जिसमें 135 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता केन्द्र द्वारा और 15 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, ऐसा प्रावधान इसमें किया गया है। माननीय मंत्री जी अभी यहां बैठे थे, मेरी प्रार्थना है कि जो लंबित दरख्ववास्त है इसे जल्द से जल्द से मंजूरी दी जाए। इस दरख्वास्त पर जल्द से जल्द गौर किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।